News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-160
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
हिंदी दुनिया की एकमात्र ऐसी भाषा है, जो अ अनपढ़ से शुरू होकर ज्ञ ज्ञानी पर समाप्त होती है!

# बिहार सिटी चीफ

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शनिवार 14 सितम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार




**डिवाइडर से टकराई स्कॉर्पियो**

## प्रोग्राम के बाद वापस लौट रहे दो डांसर की मौत; दो की हालत नाजुक




**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
गोपालगंज, बिहार में सड़क हादसे के मामले में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। राज्य के अंदर आए दिन लोगों की सड़क हादसा में लोगों की जान जा रही है।इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला गोपलगंज से निकल कर सामने आ रहा है। जहां स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराई है। जसिमें प्रोग्राम से लौट रही दो नर्तकी की मौत हो गई। जबकि दो की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, गोपालगंज में सड़क हादसे में दो नर्तकी की मौत हो गई है। यहां घटना जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के भोजपुरवा गांव के पास की है जहां एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार दो नर्तकियों की मौत हो गई जबकि दो नर्तकी बुरी तरह जख्मी हो गई है। जिसमे एक नर्तकी की स्थिति नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया है। जख्मियों में नेहा और अंजना शामिल है।

बताया जा रहा है कि, मृत नर्तकी जादोपुर थाना क्षेत्र के किसी प्रोग्राम में गई थी। वापस लौटने के दौरान जैसे ही स्कॉर्पियो भोजपुरवा गांव के पास पहुंची तभी ड्राइवर को नींद आने लगी। इसी दौरान चालक ने झपकी ली और स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराते हुए उस पर चढ़कर क्षतिग्रस्त हो गई। यह हादसा इतना भीषण था की स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए।

उधर, स्कॉर्पियो में सवार एक नर्तकी किन्नर उछल कर पुल के नीचे पानी में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। दूसरी नर्तकी ने स्कॉर्पियो में ही दम तोड़ दिया। स्कॉर्पियो में सवार ड्राइवर और अन्य तीन युवक मौके से फरार हो गए। जबकि दो अन्य नर्तकी बुरी तरह जख्मी हो गई है। जख्मी लोगों को तत्काल इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गोपालगंज सदर भेज दिया। हालांकि अभी तक मृतकों पहचान नहीं हो सकी है कि ये लोग कहां की रहने वाली है। इस संदर्भ में मांझागढ़ थानाध्यक्ष संग्राम सिंह ने बताया कि स्कॉर्पियो के डिवाइडर से टकराने से दो की मौत हुई है और दो जख्मी है।

**महिला ने तीन बेटियों के साथ खाया जहर**

## मां और दो लड़कियों की मौत तीसरी की हालत नाजुक

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के मोतिहारी से आ रही है, जहां एक महिला ने अपनी तीन बेटियों के साथ जहर खा लिया। इस घटना में महिला और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई जबकि तीसरी बेटी की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे बेतिया रेफर कर दिया है। घटना मलाही थाना क्षेत्र के ममरखा गांव की है। मृतकों की पहचान भोला राम की 33 वर्षीय पत्नी सुगावती देवी, सात साल की ज्वाला कुमारी और पांच साल की परी कुमारी के रूप में हुई है। वहीं 13 वर्षीय उजाला कुमारी की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि परिवार आर्थिक तंगी से भी जूझ रहा था। वही कुछ बात को लेकर पति पत्नी के बीच मारपीट भी हुई थी।



जिसके बाद महिला को गुस्सा आया और उसने अपनी तीन बेटियों के साथ जहर खाकर लिया।

दिल दहला देने वाली घटना में मां और दो बेटियों की मौत हो गई जबकि तीसरी बेटी जिंदगी और मौत से जूझ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि भोला राम बहुत गरीब आदमी है। उसकी चार बेटियां थीं। किसी तरह मजदूरी कर वह अपने परिवार को चला रहा था। ग़रीबी और आर्थिक तंगी की वजह से उसका और उसकी पत्नी में अक्सर झगड़ा होते रहता था।

खेत से मजदूरी कर वह घर लौटा ही था, तभी किसी बात को लेकर भोला राम और उसकी पत्नी सुगावती देवी में झगड़ा हो गया। झगड़ा होने के बाद भोला राम जैसे ही घर से बाहर निकला, उसकी पत्नी सुगावती देवी ने घर में रखे कीटनाशक दवा को खुद तो खाया ही, साथ ही साथ अपनी तीनों बेटियों को भी खिला दिया। किसी तरह इस बात की जानकारी आसपास के लोगों को हो गई। आननफानन में उन लोगों ने सभी को अस्पताल पहुंचाया गया।

**भोजन में मिली थी मरी हुई छिपकली**

## नालंदा में मिड डे मील खाने के बाद दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्रा की तबीयत बिगड़ी

**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
नालंदा, बिहार में मिड डे मील के नाम पर बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। राज्य के अलग-अलग जिलों से लगातार मिड डे मील में गड़बड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिला नालंदा से आ रही है, जहां स्कूल में मिड डे मील खाने के बाद दो दर्जन से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई।



दरअसल, पूरा मामला हिलसा प्रखंड के चिकसौरा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय हरबंशपुर मड़वा स्कूल का है। हर दिन की तरह शुक्रवार को भी बच्चे स्कूल पहुंचे थे। पहली पाली की पढ़ाई खत्म होने के बाद बच्चों के बीच मिड डे मील परोसा गया। मिड डे मील खाने के बाद अचानक बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। एक के बाद एक 24 से अधिक बच्चों के बीमार होने के बाद स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। बच्चों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत के बाद घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत कई अधिकारी पहुंचे और एम्बुलेंस मंगाकर सभी बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बच्चों के अभिभावक अस्पताल पहुंचे और स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।बताया जा रहा है कि सरकारी स्कूल में किसी एनजीओ के माध्यम से मिड डे मील का भोजन पहुंचाया जाता है। भोजन में मरी हुई छिपकली पाई गई थी और बच्चों को बिना देखे खाना परोस दिया गया। इसके बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। अधिकारियों ने दोषी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। फिलहाल बच्चे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

**स्कूल कैंपस में ताबड़तोड़ फायरिंग से हड़कंप**

## एडमिशन को लेकर हुए विवाद के बाद चली गोली

**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
सासाराम, बिहार में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बेखौफ हो चुके अपराधी अब स्कूलों को भी अपना निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। ताजा मामला रोहतास के सासाराम से सामने आया है, जहां नामांकन के विवाद को लेकर स्कूल कैंपस में फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अहरांव स्थित प्राथमिक विद्यालय की है। बताया जा रहा है कि विद्यालय में नामांकन करने को लेकर कुछ विवाद हो गया था। इसके बाद फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है। फायरिंग करने वाले की पहचान कर ली गई है लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। रवि कुमार नामक व्यक्ति अपने बेटे का एडमिशन कराने स्कूल पहुंचा था लेकिन बच्चे की उम्र को लेकर अभिभावक तथा हेड शिक्षिका के बीच बहस हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि हेड शिक्षिका के पक्ष में गांव के ही कुछ लोग पहुंच गए तथा फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद अफरा तफरी की स्थिति हो गई। डीएसपी ने बताया कि फायरिंग करने वाले की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। चुकी पुलिस ने जब छानबीन शुरू की तो विद्यालय के परिसर के गलियारे में एक बोरे में रखा हुआ कई हथियार मिला है। जिसे जप्त कर जांच की जा रही है।



## शहीद भगत सिंह के आदर्शो पर चल रहे है भगत सिंह आर्मी उपा अध्यक्ष हर्षित तोषनीवाल, अंगदान का किया निर्णय

**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
पटना, शहीद ए आजम वीर भगत सिंह को अपना आदर्श मानने वाले,टीम भगत सिंह आर्मी उपा अध्यक्ष हर्षित तोषनीवाल ने वीर भगत सिंह को साक्षी मानते हुए अंगदान की प्रतिज्ञा की। हर्षित ने बताया कि मेरे अंगदान करने का उद्देश्य समाज में जरूरतमंद परिवार को शारीरिक सुख पहुंचाना है। मैने समाज में कही परिवार ऐसे देखे है जिनके सदस्यों को किसी न किसी अंग की जरूरत है। तो मेरा मुख्य उद्देश्य उन परिवार तक ईश्वर द्वारा दिए अंग पहुंचाना है। हर्षित ने बताया की मुझे ये प्रेरणा मेरे माता,पिता और मेरे आदर्श वीर भगत सिंह से मिली। जिस तरह भगत सिंह ने अंग्रेजो से हमे आजाद करवाया ताकि हम सभी खुशी से मिल जुलकर रहे उसी तरह में भी अंगदान करके वीर भगत सिंह जैसा नहीं परंतु उनका शिष्य बनकर जरूरतमंद परिवार तक मदद पहुंचाना चाहता हूं। हर्षित के अंगदान के फैसले से टीम भगत सिंह आर्मी और गांव के कही युवा खुश है। हर्षित के माता पिता की सहमति से हर्षित ने ये कदम उठाया। साथ ही हर्षित ने बताया की मेरे शरीर से उन सभी अंगों का मैं दान करूंगा जो मानव उपयोगी है। हर्षित ने बताया की वो शहीद ए आजम वीर भगत सिंह के जन्मदिवस के मौके पर उन्हे अपनी तरफ से अंगदान रूपी छोटी सी भेट देना चाहता हूं।

## कुएं में सफाई के लिए उतरे तीन युवक की दर्दनाक मौत

**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
गया, बिहार के गया जिले से एक दर्दनाक खबर निकल कर सामने आ रही है। जहां शुक्रवार को दर्दनाक हादसे में तीन युवकों की जान चली गई। वजीरगंज के चकसेव गांव में कुएं में सफाई के लिए उतरे तीन लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। हादसे के बाद डायल 112 को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनों को कुएं से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, चकसेव गांव में एक युवक कुएं में सफाई के लिए उतरा था। कुछ ही देर बाद उसका दम घुटने लगा।

फिर उसे बचाने के लिए दूसरा युवक भी अंदर कूद गया। उसका भी दम घुटने लगा तो उसे बचाने के लिए तीसरे युवक ने कुएं के अंदर छलांग लगाई। एक के बाद एक तीनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कएं की गहराई 20 फीट है। उसमें पानी बहुत अधिक नहीं था, इस वजह से उसकी सफाई की जा रही थी।

**चोरी हुआ बाबा भोलेनाथ का कीमती हार**

## शिवलिंग को बार-बार प्रणाम कर रहा था चोर, फिर कर ली नाग देव की चोरी





**सारण।** बिहार के छपरा में चोरी का ऐसा मामला सामने आया है जिसका वीडियो देखकर हर कोई हैरान है। यहां एक चोर ने भोले बाबा के साथ ही खेल कर दिया। चोर ने भोले बाबा के ऊपर लगे नाग को चुरा कर छू मंतर हो गया। अब यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। इसके बाद अब इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार, छपरा में एक शातिर चोर की करतूत सामने आई है। चोर ने भोलेनाथ को भी नहीं छोड़ा और उन्हें भी धोखा दे दिया। चोर ने भगवान भोलेनाथ को प्रणाम कर भगवान बाजार थाना क्षेत्र के दौलतगंज मोहल्ला में बाबा बटुकेश्वर नाथ मंदिर स्थित शिवलिंग के नाग की चोरी की घटना को अंजाम दिया।

वही, नाग चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें साफ साफ दिख रहा है कि एक शख्स मंदिर में प्रवेश करता है और शिवलिंग को दोनो हाथ जोड़ प्रणाम करता है। उसके बाद वह आगे पीछे दायें बायें देखता है फिर वह आगे बढ़ता है। इसके बाद वह शिवलिंग के समीप बैठता है और दुबारा इधर उधर झांकता है। जब उसे यह विश्वास हो जाता है कि उसे कोई नही देख रहा है तब वह शिवलिंग को प्रणाम करता है और फिर शिवलिंग में लिपटे चांदी के नाग को उठा लेता है।

उधर, नाग उठा कर वह दो कदम पीछे हटता है और फिर नाग को लपेट कर अपने कपड़ों में छुपा कर मंदिर से निकल जाता है। चोर की हरकतों से यह साफ दिखाई दे रहा है कि चोर बार बार अपने कृत्य के लिए माफी मांग रहा है। इस मामले में भगवान बाजार थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार की रात आठ बजे के करीब चोरी की घटना हुई है। चोरी की पूरी घटना मन्दिर में लगे सीसीटीवी में कैद है जिसके आधार पर चोर की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी ध्रुव कुमार मिश्रा ने चांदी के नाग की चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है।